हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

BSEH/SEC/2026 'प्रैस नोट' Circular No.: 25
Dated : 18 .11.2026

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026

निदेशालय, सैकेण्डरी शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकुला के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दिनांक 26.12.2026 (शनिवार) व 27.12.2026 (रविवार) को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026 का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक उम्मीद्वार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2026 के लिए दिनांक 18.11.2026 से दिनांक 27.11.2026 (रात्रि 23:59 बजे) तक वैबसाईट www.bseh.org.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व उम्मीद्वार जन सूचना–पत्रक (**Information Bulletin**) जो कि बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है, में दर्शाए गए सभी महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाईन आवेदन व परीक्षा शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी पुष्टिकरण–पृष्ठ (**Confirmation Page**) की प्रति लेना सुनिश्चित कर लें।

अभ्यर्थी अपने विवरण अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, फोटोयुक्त पहचान–प्रमाण, आधार नम्बर और विषय के चयन (लेवल–2 व 3) में दिनांक 28.11.2026 से 29.11.2026 तक ऑनलाईन संशोधन कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद ऑनलाईन संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी व इस संदर्भ में कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त ऑनलाईन आवेदन उपरांत लेवल, जाति वर्ग, गृह राज्य व शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण (**Physically challenged**) विकल्प में कोई परिवर्तन/शुद्धि करने की अनुमति नहीं होगी। ई–मेल, पत्र व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी एक पंजीकरण के तहत ही एक से अधिक लेवल के लिए आवेदन कर सकते है। यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पंजीकरण करता है, तो उसका आवेदन/पात्रता रदद् कर दी जाएगी। अभ्यर्थी नवीनतम जानकारी/अपडेट के लिए बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in का नियमित अवलोकन करते रहें ताकि किसी भी महत्वपूर्ण व अति–आवश्यक जानकारी/सूचना से वंचित न रहे। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई उत्पन्न होती है तो मोबाईल नं0 9001837558 व ई–मेल आई0डी0 htethelpdesk2026@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सचिव